बुधवार नीलामी योजना | **50 प्रतिशत तक की छूट के साथ किश्तों पर किया जा रहा है आवास आवंटन**

203 संपत्ति बिकी, 62 करोड़ से अधिक का मिला राजस्व

ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर। आम लोगों के आवास का सपना पूरा करने के लिए राजस्थान आवासन मंडल की ओर से 50 प्रतिशत तक छूट के साथ किश्तों पर आवास उपलब्ध कराने के लिए चलाई जा रही बुधवार नीलामी उत्सव योजना के साथ ही व्यवसायिक संपत्तियों की नीलामी में बुधवार को प्रदेश के विभिन्न शहरों में 203 संपत्तियों की बिक्री हुई। इससे मंडल को 62 करोड़ से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि यह बुधवार भी बम्पर बुधवार रहा, इस बार प्रदेश में 203 सम्पत्तियां बिकी, जिससे मंडल को 62.22 करोड़ का राजस्व मिला। उन्होंने बताया कि योजना में इस बुधवार फिर 201 से अधिक आवास बिके, जिससे मंडल को 35.67 करोड़ का राजस्व मिला। इसके साथ ही मानसरोवर योजना में 2 व्यावसायिक भूखंडों को हुई ई-नीलामी से मंडल को 26.55 करोड़ का राजस्व मिला।

बिड में भाग लेने की प्रक्रिया है आसान

अरोड़ा ने बताया कि बुधवार नीलामी उत्सव के तहत सभी को किश्तों में आवास योजना के अन्तर्गत ऑनलाइन बिड की प्रक्रिया बेहद सरल और आसान है। आवेदक आवासन मंडल के सभी कार्यालयों की हैल्प डेस्क, घर बैठे या ई-मित्र पर जाकर अपनी बिड/नीलामी प्रस्ताव प्रत्येक सोमवार को प्रातः 10 बजे से बुधवार शाम 4 बजे तक ऑनलाइन प्रस्तुत की जा सकती है। प्राप्त आवेदनों में से बुधवार को शाम 4.30 बजे ऑनलाइन ही खोला जाता है एवं सफल बिडदाता को किश्तों पर आवास आवंटित किया जाता है।

भुगतान शर्तों में दी छूट से आ रहे अच्छे परिणाम

अरोड़ा ने बताया कि मानसरोवर योजना के दोनों भूखण्ड बड़े आकार वाले थे। भूखण्ड संख्या 14ई/एल का क्षेत्रफल 2741.99 वर्ग मीटर था और दूसरे भूखण्ड संख्या 7/सी-2ए का क्षेत्रफल 1137.60 वर्ग मीटर था। कोरोनाकाल में इतने बड़े आकार वाले भूखंडों के बिकने की किसी को उम्मीद नहीं थी, लेकिन हाउसिंग बोर्ड द्वारा भुगतान शर्तों में दी गई छूट के चलते इसके अच्छे परिणाम सामने आ रहे है। उन्होंने बताया कि बुधवार नीलामी उत्सव के तहत जयपुर वृत्त प्रथम में 5.65 करोड़ की 35 संपत्तियां और जयपुर वृत्त द्वितीय में 14.86 करोड़ की 46 संपत्तियां, जोधपुर वृत्त प्रथम और द्वितीय में 1.33 करोड़ की 7 संपत्तियां बिकी। इसी प्रकार कोटा वृत्त में 1.81 करोड़ की 17 संपत्तियां, बीकानेर वृत्त में 1.79 करोड़ की 24 संपत्तियां, उदयपुर वृत्त में 4.90 करोड़ की 33 सम्पत्तियां और अलवर वृत्त में 5.25 करोड़ रुपए मूल्य की 39 संपत्तियां बिकी।